BRIEFING PAPERS

GSTHR

Global State of Tobacco Harm Reduction

# तंबाकू हानि-न्यूनकरण की अगली लहर?

## दक्षिण कोरिया, आयरलैंड और एस्टोनिया में धूम्रपान से सुरक्षित निकोटीन उत्पादों की ओर बढ़ते नए रुझान

सितंबर 2026

अधिक प्रकाशनों के लिए GSTHR.ORG पर जाएँ

gsthr.org

@globalstatethr

@gsthr

@gsthr

@gsthr.org

Creative Commons Attribution (CC BY)

## परिचय

यह विवरण-पत्र (Briefing Paper) तीन ऐसे देशों का अध्ययन करता है, जहां सिगरेट के उपयोग से दूर जाने के रुझान उभर रहे हैं, लेकिन इन देशों में यह बदलाव बहुत अलग-अलग स्तर पर है। एक देश में यह बदलाव अभी अधूरा है, दूसरे में ठहर गया है और तीसरे में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

तंबाकू हानि-न्यूनकरण (THR) की चर्चा अक्सर उन देशों के संदर्भ में की जाती है, जहां विभिन्न सुरक्षित निकोटीन उत्पादों (SNP) के उपयोग में वृद्धि के साथ जलने वाली सिगरेट के उपयोग में तेजी से गिरावट आई है। स्वीडन और नॉर्वे में स्नस ने काफी हद तक धूम्रपान की जगह ले ली है। स्वीडन यूरोपीय संघ (EU) का एकमात्र देश है जिसने 'धूम्रपान-मुक्त स्थिति' हासिल की है जिसकी परिभाषा होती है वयस्कों में धूम्रपान की दर 5% से कम हो जाना। आइसलैंड में भी मुँह से इस्तेमाल किए जाने वाले निकोटीन उत्पादों और वेपिंग का उपयोग बढ़ा है, जबकि धूम्रपान की दर घटकर इस लक्ष्य के करीब पहुंच गई है। यूनाइटेड किंगडम और न्यूज़ीलैंड, दोनों देशों में वेपिंग करने वालों की संख्या धूम्रपान करने वालों से अधिक हो गई है। जापान में गर्म किए जाने वाले तंबाकू उत्पादों (HTP) के आने के बाद सिगरेट की बिक्री में 50% की अभूतपूर्व गिरावट आई।[1,2,3,4,5] GSTHR परियोजना ने अपने पहले के विवरण-पत्रों में इन बदलावों के विभिन्न तरीकों का अध्ययन किया है। कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका का भी THR से जुड़ी व्यापक चर्चाओं में उल्लेख किया जाता है। ये सभी देश दर्शाते हैं कि जब बिना जलाए इस्तेमाल किए जाने वाले विकल्पों को बड़े पैमाने पर अपनाया जाता है, तो सिगरेट का उपयोग तेजी से घट सकता है।[6]

> **दक्षिण कोरिया, आयरलैंड और एस्टोनिया में धूम्रपान कम करने के तीन ऐसे नए रास्ते दिखाई देते हैं, जिनकी स्थिति अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। इनका विश्लेषण और निगरानी करना आवश्यक है।**

हालांकि, इन अधिक चर्चित देशों के अलावा, दक्षिण कोरिया, आयरलैंड और एस्टोनिया में बदलाव के तीन ऐसे तरीके देखने को मिलते हैं जो अभी पूरी तरह स्थापित नहीं हुए हैं और जिन पर आगे अध्ययन और निगरानी की आवश्यकता है। दक्षिण कोरिया में HTP का उपयोग तेजी से बढ़ा है, लेकिन वहां निकोटीन के कई उत्पादों का एक साथ उपयोग भी बड़े पैमाने पर होता है। आयरलैंड में वेपिंग का उपयोग पहले से प्रचलित है, लेकिन धूम्रपान में कमी की गति ठहर गई है। वहीं, एस्टोनिया में वेपिंग में तेज वृद्धि के साथ धूम्रपान में भी तेजी से गिरावट आई है। यह विवरण-पत्र इन तीनों देशों में हो रहे बदलावों की तुलना करता है और यह समझने का प्रयास करता है कि कौन-सी परिस्थितियां सिगरेट की जगह दूसरे विकल्पों को अपनाने में मदद करती हैं, किन परिस्थितियों में यह बदलाव रुक जाता है और किन कारणों से इसमें बाधा आती है।

## उभरते हुए THR देशों पर ध्यान क्यों दें?

पूरे देशों के स्तर पर दिखने वाले रुझानों से यह साबित नहीं किया जा सकता कि लोग व्यक्तिगत रूप से सिगरेट छोड़कर दूसरे उत्पाद अपना रहे हैं। इसके अलावा, अलग-अलग देशों में सर्वेक्षण करने के तरीकों में अंतर होने के कारण उनकी सीधी तुलना करना भी कठिन है। फिर भी, यदि लंबे समय तक धूम्रपान करने वालों की संख्या घट रही हो और SNP का उपयोग करने वालों की संख्या बढ़ रही हो, तो यह इस बात का महत्वपूर्ण संकेत है कि लोग सिगरेट के विकल्प अपना रहे हो सकते हैं। इसलिए यह समझना जरूरी है कि इस बदलाव को किन बातों से बढ़ावा मिलता है और किन कारणों से इसमें रुकावट आती है।

> **लंबे समय तक विपरीत दिशाओं में होने वाला बदलाव—यानी धूम्रपान करने वालों की संख्या में कमी और SNP का उपयोग करने वालों की संख्या में वृद्धि—इस बात का एक महत्वपूर्ण संकेत है कि लोग सिगरेट के विकल्प अपना रहे हो सकते हैं। इसलिए यह समझना जरूरी है कि किन कारणों से यह बदलाव बढ़ता है और किन कारणों से इसमें रुकावट आती है।**



THR के स्थापित उदाहरण अक्सर उन देशों के विशेष इतिहास, उत्पादों से जुड़ी संस्कृति और उपभोक्ताओं द्वारा नए उत्पादों को तेजी से अपनाने से जुड़े होते हैं। इनमें से कुछ देशों, विशेष रूप से यूनाइटेड किंगडम और न्यूज़ीलैंड को स्पष्ट सरकारी नीतिगत समर्थन भी मिला है। यहाँ जिन उभरते हुए देशों का अध्ययन किया गया है, उनसे यह समझने का प्रयास किया गया है कि क्या उन देशों में भी सिगरेट का उपयोग बड़े पैमाने पर कम हो सकता है, जहाँ सरकारें तटस्थ या एहतियात बरतने वाली नीतियां अपनाती हैं।

इन तीनों देशों में से किसी के भी पास जोखिम के अनुपात में THR को बढ़ावा देने वाली रणनीति नहीं है। SNP के बारे में सरकारी संदेश आमतौर पर सतर्क या संदेहपूर्ण होते हैं, जबकि इनके नियमन के लिए बने क़ानूनों में भी पारंपरिक तंबाकू नियंत्रण के तरीकों को ही बड़े पैमाने पर अपनाया गया है। इसके बावजूद, इन उत्पादों की कानूनी उपलब्धता और उपभोक्ताओं की मांग ने बदलाव की गुंजाइश पैदा की है, जिसे आंकड़ों में मापा जा सकता है। यह तुलना यह भी दिखाती है कि सिगरेट के विकल्प के रूप में सभी देशों में एक ही उत्पाद कारगर नहीं होता। दक्षिण कोरिया में मुख्य रूप से HTP का बाजार है, जबकि आयरलैंड और एस्टोनिया में वेपिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है। लोग किस विकल्प को अपनाते हैं, यह उत्पादों की उपलब्धता, कीमत, संस्कृति, खुदरा बिक्री व्यवस्था और उपभोक्ताओं की पसंद पर निर्भर करता है।

**सिगरेट का कोई एक ऐसा विकल्प नहीं है जो सभी देशों में समान रूप से अपनाया जाए। लोग कौन-सा विकल्प चुनते हैं, यह उत्पादों की उपलब्धता, कीमत, संस्कृति, खुदरा बिक्री व्यवस्था और उपभोक्ताओं की पसंद पर निर्भर करता है।**

ये तीन देश ही ऐसे उभरते हुए उदाहरण नहीं हैं। उदाहरण के लिए, स्विट्ज़रलैंड और बेल्जियम में धूम्रपान घटने के साथ-साथ वेपिंग में लगातार वृद्धि देखी गई है। चेकिया, लातविया और लिथुआनिया में वेपिंग और HTP, दोनों का उपयोग बढ़ रहा है। वहीं, ग्रीस, स्लोवाकिया, पुर्तगाल और हंगरी में HTP के उपयोग पर आधारित रुझान दिखाई देते हैं।[7] इन देशों का यहाँ अध्ययन नहीं किया गया है, क्योंकि चुने गए तीन देशों में धूम्रपान कम होने के अलग-अलग रास्ते सबसे स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। इन व्यापक रुझानों के बारे में अधिक जानकारी और विश्लेषण के लिए The Global State of Tobacco Harm Reduction 2026: A Situation Report देखें।

## दक्षिण कोरिया: HTP के नेतृत्व में बदलाव और निकोटीन के कई उत्पादों का बढ़ता उपयोग



दक्षिण कोरिया में लंबे समय से धूम्रपान करने वालों की संख्या में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। वयस्कों में धूम्रपान की दर 1998 में 35.1% थी, जो 2022 में घटकर 17.7% रह गई। पुरुषों में धूम्रपान की दर इसी अवधि में 66.3% से घटकर 30.0% हो गई। इस प्रगति का बड़ा हिस्सा HTP के बाजार में आने से पहले ही हासिल हो चुका था। इसमें पारंपरिक तंबाकू नियंत्रण उपायों और सामाजिक मान्यताओं में आए बदलावों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।[8]

बदलाव का एक नया चरण 2017 में शुरू हुआ, जब HTP बाजार में आए। 2022 तक, 5.9% वयस्क HTP और 3.5% निकोटीन वेप का उपयोग कर रहे थे। इसी दौरान धूम्रपान की दर 2017 के 22.3% से घटकर 2022 में 17.7% हो गई। समय के लिहाज से यह बदलाव इस संभावना के अनुरूप है कि लोग सिगरेट के विकल्प अपना रहे थे, हालांकि बाद में सामने आए प्रमाण इस तस्वीर को और जटिल बनाते हैं।[9]

पुरुषों में, 2019 से 2023 के बीच मापे गए किसी भी तंबाकू या निकोटीन उत्पाद के कुल उपयोग की दर में बहुत अधिक बदलाव नहीं हुआ, लेकिन उत्पादों के उपयोग का तरीका बदल गया। केवल सिगरेट पीने वाले पुरुषों का अनुपात घटा। इसके विपरीत, निकोटीन के कई उत्पादों का उपयोग—अर्थात किसी व्यक्ति द्वारा दो या दो से अधिक निकोटीन उत्पादों का इस्तेमाल—निकोटीन बाजार में बढ़ता गया। इसका अनुपात 2013 में 1.8% था, जो 2023 में बढ़कर 6.9% हो गया। पहले किए गए शोध में पाया गया था कि HTP का उपयोग करने वाले लगभग 90% लोग सिगरेट भी पीते थे, निकोटीन वेप का उपयोग करते थे या इन तीनों उत्पादों का इस्तेमाल करते थे।[10,11] इसलिए दक्षिण कोरिया में बाद के चरण में हुआ बदलाव, निकोटीन उत्पादों के कुल उपयोग में और कमी आने के बजाय, उपयोग किए जाने वाले उत्पादों के मेल में बदलाव से अधिक जुड़ा हुआ दिखाई देता है।

इस प्रगति का लाभ भी सभी लोगों को समान रूप से नहीं मिला। धूम्रपान का प्रचलन कम आय वाले, कम शिक्षित और शारीरिक श्रम वाले व्यवसायों में कार्यरत पुरुषों में अधिक बना रहा। गंभीर मानसिक बीमारी से जूझ रहे पुरुषों में तो धूम्रपान की दर 2013 के 44.7% से बढ़कर 2023 में 47.2% हो गई।[12]

**चित्र 1**

GSTHR.ORG

**दक्षिण कोरिया में वयस्क पुरुषों द्वारा केवल एक और एक से अधिक निकोटीन उत्पादों के उपयोग का प्रचलन, 2013–2023**




CC: जलने वाली सिगरेट (Combustible Cigarettes) NVP: निकोटीन वेपिंग उत्पाद (Nicotine Vaping Products) HTP: गर्म करके इस्तेमाल किए जाने वाले तंबाकू उत्पाद (Heated Tobacco Products)। एक से अधिक उत्पादों का उपयोग (Poly-use) का अर्थ है दो या दो से अधिक निकोटीन उत्पादों का इस्तेमाल करना। ध्यान देने योग्य है कि HTP का उपयोग केवल 2019 से मापा गया, हालांकि ये उत्पाद 2017 में ही कोरिया के बाजार में आ गए थे। आंकड़े Korea National Health and Nutrition Examination Survey से लिए गए हैं। यह 2013–2023 के दौरान किया गया एक राष्ट्रीय स्तर दर्शाने वाला, बार-बार आयोजित होने वाला सर्वेक्षण है, जिसमें हर बार अलग-अलग लोगों से जानकारी ली गई। सभी अनुमानों में KNHANES द्वारा दिए गए नमूना भार (Sampling Weights) का उपयोग किया गया है। GSTHR 2026। आंकड़ों का स्रोत: Lee et al. (2026) से अनुकूलित।

दक्षिण कोरिया में लोग HTP क्यों अपनाते हैं, इससे यह समझने में मदद मिलती है कि इनका तेजी से प्रचलन बढ़ने के बावजूद लोग पूरी तरह सिगरेट पीना क्यों नहीं छोड़ रहे हैं। नियमित रूप से HTP इस्तेमाल करने के प्रमुख कारणों में सिगरेट की तुलना में इनसे कम गंध आना शामिल था, जिसे 71.3% लोगों ने बताया। वहीं, 48.6% लोगों का मानना था कि HTP, सिगरेट की तुलना में कम हानिकारक हैं। हालांकि, HTP और सिगरेट दोनों का इस्तेमाल करने वाले केवल 35.4% लोगों ने कहा कि वे धूम्रपान छोड़ने के लिए HTP का उपयोग कर रहे थे।[13] । इससे पता चलता है कि उत्पादों की सुविधा, कम गंध और सामाजिक रूप से अधिक स्वीकार्य होना, बाजार में उनकी लोकप्रियता और बिक्री बढ़ा सकते हैं, लेकिन इससे जरूरी नहीं कि लोग जलने वाली सिगरेट का इस्तेमाल पूरी तरह बंद कर दें।

दक्षिण कोरिया में नीतिगत माहौल ऐसा है, जो उपभोक्ताओं को जलने वाली सिगरेट के स्थान पर SNP को पूरी तरह अपनाने के लिए बहुत कम प्रोत्साहन देता है। सिगरेट के खुदरा मूल्य का 73.8% हिस्सा करों का होता है, जबकि HTP के खुदरा मूल्य में करों की हिस्सेदारी 66.8% है। इस अंतर के कारण सिगरेट से HTP की ओर जाने पर कर के लिहाज से मिलने वाला आर्थिक लाभ अपेक्षाकृत कम है।[14] अब तक न तो कोई समन्वित सार्वजनिक स्वास्थ्य रणनीति बनाई गई है और न ही सरकार ने HTP को नुकसान कम करने के विकल्प के रूप में स्पष्ट समर्थन दिया है। इसलिए यह बदलाव मुख्य रूप से उपभोक्ताओं की पसंद पर निर्भर है।

**उत्पादों की कुछ विशेषताएँ, जैसे उनका सुविधाजनक होना, उनसे कम गंध आना और समाज में अधिक स्वीकार्य होना, बाजार में उनकी मांग और बिक्री को काफी बढ़ा सकती हैं। हालांकि, इससे यह जरूरी नहीं है कि लोग जलने वाली सिगरेट का इस्तेमाल पूरी तरह बंद कर दें।**



दक्षिण कोरिया का उदाहरण उपभोक्ताओं की पसंद से प्रेरित बदलाव की संभावनाओं और उसकी सीमाओं, दोनों को दर्शाता है। HTP ने बाजार में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी हासिल की और इनके प्रचलन के साथ धूम्रपान में फिर से गिरावट भी देखी गई। लेकिन बाद में एक से अधिक निकोटीन उत्पादों के उपयोग में हुई वृद्धि बताती है कि बाजार में बदलाव होने से लोग अपने आप सिगरेट पूरी तरह नहीं छोड़ते। दक्षिण कोरिया में तंबाकू से होने वाले नुकसान को पूरी तरह कम करने के लिए अब ऐसे लोगों को, जो सिगरेट के साथ दो या अधिक निकोटीन उत्पादों का इस्तेमाल करते हैं, धूम्रपान पूरी तरह छोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। धूम्रपान में पर्याप्त कमी को एक अंतरिम कदम के रूप में देखा जाना चाहिए, विशेष रूप से उन समूहों के लिए जिन्हें देश में धूम्रपान की कुल दर में आई गिरावट का सबसे कम लाभ मिला है।

## आयरलैंड: बदलाव की शुरुआत के बाद रुकी हुई प्रगति



आयरलैंड में तंबाकू नियंत्रण के पारंपरिक उपाय काफी मजबूत हैं। इसके साथ ही, उपभोक्ताओं द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले निकोटीन उत्पादों पर भी लगातार सख्त प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। जलने वाली सिगरेट से SNP की ओर बदलाव में शुरुआत में अच्छी प्रगति हुई थी, लेकिन अब यह रुक गई है। यह शुरुआती धीमापन हाल के प्रतिबंधों के कारण नहीं आया था, लेकिन ये धूम्रपान कम करने की आगे की प्रगति में बाधा बन सकते हैं।

वयस्कों में धूम्रपान की दर 2015 में 23% थी, जो तेजी से घटकर 2019 में 17% हो गई। लेकिन इसके बाद से इसमें कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। 2025 में भी यह दर 17% ही थी, जो उसी वर्ष तक धूम्रपान की दर को 5% से नीचे लाने के Tobacco Free Ireland के लक्ष्य से काफी अधिक थी। पुरुषों और कम शैक्षणिक योग्यता वाले वयस्कों में धूम्रपान की दर अब भी काफी अधिक बनी हुई है। इससे संकेत मिलता है कि धूम्रपान करने वाले बचे हुए लोगों में तंबाकू नियंत्रण के पारंपरिक उपायों का प्रभाव अब पहले की तुलना में कम होता जा रहा है।[15,16]



इसी अवधि में, वेपिंग आयरलैंड के निकोटीन बाजार का एक पक्का हिस्सा बन गई। वेपिंग का मौजूदा उपयोग 2015 में 3% था, जो 2019 में बढ़कर 5% और 2023 में 8% हो गया। 2024 और 2025 में भी यह दर 8% पर बनी रही। 2025 में, वर्तमान में वेपिंग करने वाले आधे लोग पहले धूम्रपान करते थे। यह इस बात के अनुरूप है कि काफी संख्या में लोगों ने सिगरेट की जगह वेपिंग को अपनाया है। वहीं, एक-तिहाई लोग वेपिंग के साथ-साथ धूम्रपान करना भी जारी रखे हुए थे, जो दोनों उत्पादों के एक साथ उपयोग की व्यापकता को दर्शाता है। इस प्रकार, वेपिंग सिगरेट छोड़ने का एक महत्वपूर्ण संभावित विकल्प बन गई है, हालांकि सिगरेट से वेपिंग की ओर बदलाव की प्रगति अब रुक गई है।[17,18,19]

**चित्र 2**




GSTHR 2026। आंकड़ों का स्रोत: Healthy Ireland Surveys, 2015–2025।

इस बदलाव की गति का धीमा पड़ना उल्लेखनीय है। शुरुआत में धूम्रपान की दर घट रही थी, जबकि वेपिंग का उपयोग बढ़ रहा था। बाद में दोनों ही रुझानों में ठहराव आ गया। हालांकि, इससे यह साबित नहीं होता कि वेपिंग की धीमी होती वृद्धि के कारण धूम्रपान की दर में गिरावट रुक गई। धूम्रपान की दर वेपिंग के उपयोग में वृद्धि रुकने से पहले ही स्थिर हो गई थी। इसके अलावा, पूरे देश के स्तर के आंकड़ों से यह पता नहीं लगाया जा सकता कि किन व्यक्तियों ने सिगरेट छोड़कर वेपिंग अपनाई।

आयरलैंड में एहतियात पर आधारित नीतिगत माहौल अब इस ठहराव को और बढ़ावा दे सकता है। 2025 में, 74% वयस्कों का मानना था कि वेपिंग, धूम्रपान जितनी ही हानिकारक है या उससे अधिक हानिकारक है, जबकि केवल 11% लोगों ने इसे धूम्रपान से कम हानिकारक माना।[20] इतनी बड़ी संख्या में लोगों की यह गलत धारणा, धूम्रपान करने वालों को पूरी तरह सिगरेट छोड़कर दूसरे विकल्प अपनाने के लिए मिलने वाले प्रोत्साहन को कमजोर करती है।

नीतियां भी अब ज़्यादा प्रतिबंधात्मक हो गई हैं। नवंबर 2025 में ई-लिक्विड पर 0.50 यूरो प्रति मिलीलीटर का कर लागू हो गया।[21] यदि इसका पूरा बोझ उपभोक्ताओं पर डाला जाता है, तो खुले सिस्टम वाले ई-लिक्विड की कीमत लगभग तीन गुना हो सकती है और पॉड में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की लागत लगभग 40% बढ़ सकती है। हालांकि, इसके बावजूद वेपिंग का खर्च धूम्रपान की तुलना में काफी कम रहेगा।[22] मार्च 2026 में, सरकार ने विज्ञापनों और दुकानों में उत्पादों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाने, पैकेजिंग और स्वाद से जुड़े विवरणों को सीमित करने तथा निकोटीन लेने वाले उत्पादों में तंबाकू के स्वाद को डिफॉल्ट रूप से अनुमत स्वाद बनाने के प्रस्तावों को मंजूरी दी।[23] इन उपायों का उद्देश्य युवाओं में वेपिंग के प्रचलन को कम करना है। लेकिन विकल्पों की कीमत बढ़ने और उनका आकर्षण तथा उपलब्धता घटने से लोग सिगरेट छोड़कर इन विकल्पों को अपनाने से हतोत्साहित हो सकते हैं। इससे आयरलैंड में धूम्रपान करने वाले बचे हुए लोगों की संख्या लंबे समय तक अधिक बनी रह सकती है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि युवाओं से जुड़े हाल के आंकड़ों में धूम्रपान की वह वृद्धि दिखाई नहीं देती, जिसकी आशंका 'गेटवे परिकल्पना' के आधार पर की जा सकती है। इस परिकल्पना के अनुसार, वेपिंग के कारण युवाओं में धूम्रपान शुरू करने की संभावना बढ़ सकती है। आयरलैंड में 15–16 वर्ष के विद्यार्थियों के बीच, वर्तमान धूम्रपान की दर 2019 के 14.4% से घटकर 2024 में 9% हो गई। इसी अवधि में वर्तमान वेपिंग की दर भी 21.5% से घटकर 18.1% रह गई।[24] युवाओं में वेपिंग अब भी चिंता का एक उचित विषय है, लेकिन ये रुझान इस दावे का समर्थन नहीं करते कि हाल में वेपिंग के कारण युवाओं में धूम्रपान फिर से बढ़ा है। युवाओं की सुरक्षा और वयस्कों में तंबाकू से होने वाले नुकसान को कम करने के प्रयास एक साथ किए जा सकते हैं। उम्र संबंधी प्रतिबंधों को सख्ती से लागू करना और विज्ञापनों पर जिम्मेदार नियंत्रण रखना, धूम्रपान करने वाले वयस्कों को जोखिम के अंतर के बारे में सही जानकारी देने या उनके लिए स्वीकार्य विकल्प उपलब्ध कराने में बाधा नहीं बनना चाहिए।

इसलिए, आयरलैंड न तो THR की स्थापित सफलता का उदाहरण है और न ही यह प्रमाण देता है कि वेपिंग असफल रही है। यहां बदलाव की गति धीमी पड़ गई है। जलने वाली सिगरेट से दूसरे विकल्पों की ओर बदलाव पहले से ही उल्लेखनीय है, लेकिन आगे की प्रगति इस बात पर निर्भर करेगी कि नीतियां इस प्रक्रिया को बढ़ावा देती हैं या इसमें रुकावट डालती हैं।जोखिम के अनुपात में जानकारी देना और नियमन करना, धूम्रपान की दर में फिर से गिरावट लाने में मदद कर सकता है। इसके विपरीत, सुरक्षित विकल्पों के प्रति लगातार अधिक प्रतिबंधात्मक रवैया मौजूदा ठहराव को लंबे समय तक बनाए रख सकता है।

**विकल्पों की कीमत बढ़ने और उनका आकर्षण तथा उपलब्धता घटने से लोग सिगरेट छोड़कर दूसरे विकल्प अपनाने से हतोत्साहित हो सकते हैं। इससे आयरलैंड में धूम्रपान करने वाले बचे हुए लोगों की संख्या लंबे समय तक अधिक बनी रह सकती है।**



**जोखमि के अनुपात में जानकारी देना और नयिमन करना, धूम्रपान की दर में फरि से गरिावट लाने में मदद कर सकता है। इसके वपिरीत, सुरक्षति वकिल्पों के प्रत लिगातार अधकि प्रतबिंधात्मक रवैया मौजूदा ठहराव को लंबे समय तक बनाए रख सकता है।**



## एस्टोनिया: बदलाव का सबसे स्पष्ट नया उदाहरण

यहाँ जिन तीन देशों का अध्ययन किया गया है, उनमें एस्टोनिया में THR की ओर बढ़ते बदलाव के सबसे स्पष्ट प्रमाण दिखाई देते हैं। यहाँ यह बदलाव विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि सबसे तेज परिवर्तन 2020 के बाद हुआ। इससे पहले धूम्रपान की दर धीरे-धीरे घट रही थी, लेकिन इसके बाद इसमें कहीं अधिक तेज गिरावट आई।

वर्तमान धूम्रपान की दर 2012 में 34.2% थी, जो 2018 में घटकर 25.0% हो गई। इसके बाद 2020 में यह थोड़ी बढ़कर 26.1% हो गई। हालांकि, अगले चार वर्षों में इसमें तेज गिरावट आई और 2024 में यह 19.0% रह गई। रोजाना धूम्रपान करने वालों की दर में भी इसी तरह का रुझान देखा गया। यह 2020 में 17.9% थी, जो 2024 में घटकर 13.2% हो गई। इसी दौरान, वर्तमान में वेपिंग करने वालों की दर तीन गुने से भी अधिक बढ़कर 3.8% से 13.5% हो गई। वहीं, रोजाना वेपिंग करने वालों की दर चार गुना बढ़कर 1.6% से 6.4% हो गई। 2024 तक, रोजाना वेपिंग करने वालों की दर, रोजाना धूम्रपान करने वालों की दर के लगभग आधे के बराबर पहुंच गई थी। निकोटीन पाउच और HTP भी बाजार में अपनी जगह बनाने लगे थे, हालांकि इनका उपयोग अपेक्षाकृत कम था। 2.8% वयस्क रोजाना निकोटीन पाउच का इस्तेमाल करते थे, जबकि 1.2% वयस्क रोजाना HTP का उपयोग करते थे।[25]

एस्टोनिया का यह रुझान विशेष रूप से उल्लेखनीय इसलिए है, क्योंकि यह वर्तमान उपयोग और रोजाना उपयोग, दोनों के आंकड़ों में दिखाई देता है। दोनों ही मापों के अनुसार धूम्रपान में गिरावट आई, जबकि वेपिंग में वृद्धि हुई। इससे यह संभावना कम हो जाती है कि यह रुझान केवल कभी-कभार नए उत्पादों को आजमाने के कारण दिखाई दे रहा हो। 2020 से 2024 के बीच, वर्तमान धूम्रपान की दर में 7.1 प्रतिशत अंक की गिरावट आई, जबकि वर्तमान वेपिंग की दर में 9.7 प्रतिशत अंक की वृद्धि हुई। पूरे देश के स्तर के आंकड़ों से यह साबित नहीं किया जा सकता कि उन्हीं व्यक्तियों ने सिगरेट छोड़कर वेपिंग अपनाई। यह भी निश्चित है कि कुछ लोग दोनों उत्पादों का इस्तेमाल करते हैं। इसके बावजूद, धूम्रपान में गिरावट की गति तेज होने और वेपिंग के उपयोग में एक साथ वृद्धि होने से यूरोप में सिगरेट के विकल्प अपनाए जाने की संभावना का एक मजबूत सांख्यिकीय संकेत मिलता है।

धूम्रपान में गिरावट की गति तेज होने और वेपिंग के उपयोग में एक साथ वृद्धि होने से यूरोप में सिगरेट के विकल्प अपनाए जाने की संभावना का एक मजबूत सांख्यिकीय संकेत मिलता है।

**चित्र 3**

GSTHR.ORG **एस्टोनिया में धूम्रपान और वेपिंग का प्रचलन, 2012–2024**




GSTHR 2026। आंकड़ों का स्रोत: Tervise Arengu Instituut की 2012–2024 की रिपोर्टें।

एस्टोनिया ने आधिकारिक रूप से THR का समर्थन नहीं किया है। यहां के नियामक ढांचे में यूरोपीय संघ के अन्य देशों की तरह एहतियात पर आधारित दृष्टिकोण अपनाया गया है। इसके तहत विज्ञापनों, स्वादों, दूरस्थ बिक्री और सार्वजनिक स्थानों पर इन उत्पादों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। इसके बावजूद, निकोटीन वेप और जलाए बिना इस्तेमाल किए जाने वाले अन्य विकल्प कानूनी रूप से उपलब्ध रहे हैं। इस प्रकार, एस्टोनिया एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत करता है कि किस तरह सरकार के स्पष्ट समर्थन के बिना भी, उपभोक्ताओं की पसंद से प्रेरित बदलाव हो सकता है, बशर्ते कि अपेक्षाकृत सुरक्षित विकल्प पर्याप्त रूप से उपलब्ध हों और लोगों को स्वीकार्य हों।[26]

> एस्टोनिया एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत करता है कि किस तरह सरकार के स्पष्ट समर्थन के बिना भी, उपभोक्ताओं की पसंद से प्रेरित बदलाव हो सकता है, बशर्ते कि अपेक्षाकृत सुरक्षित विकल्प पर्याप्त रूप से उपलब्ध हों और लोगों को स्वीकार्य हों।

हालांकि, अब इस बदलाव की दिशा एक महत्वपूर्ण नीतिगत परीक्षा का सामना कर सकती है। जुलाई 2026 में, एस्टोनिया ने ऐसे प्रस्तावित संशोधनों पर परामर्श शुरू किया, जिनके तहत ई-लिक्विड के स्वादों को प्रभावी रूप से तंबाकू और मेंथॉल तक सीमित किया जा सकता है। इसके अलावा, निकोटीन पाउच और अन्य उत्पादों में निकोटीन की मात्रा 4 mg/g तक सीमित करने तथा देश के भीतर और सीमापार दूरस्थ बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है।[27]

हालांकि इन प्रतिबंधों का उद्देश्य युवाओं की सुरक्षा करना है, लेकिन इनसे धूम्रपान करने वाले वयस्कों के लिए कानूनी विकल्पों का आकर्षण, प्रभावशीलता और उपलब्धता कम हो सकती है। अमेरिका में स्वादों पर लगाए गए प्रतिबंधों से मिले प्रमाण बताते हैं कि ऐसे उपाय सभी आयु वर्गों में वेपिंग को कम कर सकते हैं। वहीं, कुछ युवा वयस्कों में इनके अनपेक्षित परिणामस्वरूप सिगरेट का धूम्रपान बढ़ सकता है।[28,29]

इसलिए, भविष्य में किए जाने वाले सर्वेक्षण यह समझने के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण होंगे कि क्या एस्टोनिया में धूम्रपान की दर में और कमी आती रहेगी या अधिक प्रतिबंधात्मक नियम यूरोप में THR की ओर बढ़ते सबसे स्पष्ट नए बदलावों में से एक को बाधित कर देंगे।

## निष्कर्ष: ये तीनों उदाहरण THR के भविष्य के बारे में क्या बताते हैं?

दक्षिण कोरिया, आयरलैंड और एस्टोनिया में बदलाव की प्रक्रिया अभी जारी है। ये ऐसे उदाहरण नहीं हैं जहां पूरी सफलता हासिल हो चुकी है। इन देशों में तंबाकू और निकोटीन उत्पादों के उपयोग के राष्ट्रीय रुझानों को समझने से यह जानने में मदद मिलती है कि अलग-अलग देशों में THR किस तरह आगे बढ़ सकता है। पहली बात, ये देश दिखाते हैं कि THR के लिए सरकार के स्पष्ट समर्थन के बिना भी सिगरेट के विकल्प अपनाने की शुरुआत हो सकती है। उत्पादों की कानूनी उपलब्धता, उनकी स्वीकार्यता और उपभोक्ताओं की मांग, सिगरेट से दूर जाने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए पर्याप्त हो सकती है। लेकिन यह बदलाव केवल आंशिक और असमान बना रहता है या तेजी से, पूरी तरह और सभी वर्गों में फैलता है, यह काफी हद तक नीतियों पर निर्भर करता है।

> दक्षिण कोरिया, आयरलैंड और एस्टोनिया के उदाहरण बताते हैं कि THR के लिए सरकार के स्पष्ट समर्थन के बिना भी सिगरेट के विकल्प अपनाने की शुरुआत हो सकती है। उत्पादों की कानूनी उपलब्धता, उनकी स्वीकार्यता और उपभोक्ताओं की मांग, सिगरेट से दूर जाने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए पर्याप्त हो सकती है।



दूसरी बात, धूम्रपान छोड़ने के लिए अपनाए जाने वाले विकल्प अलग-अलग बाजारों में अलग हो सकते हैं। दक्षिण कोरिया में मुख्य रूप से HTP का उपयोग होता है, जहां इनके साथ सिगरेट का धूम्रपान भी जारी है और कई उत्पादों के एक साथ उपयोग में भी वृद्धि हो रही है। वहीं, आयरलैंड और एस्टोनिया में वेपिंग की प्रमुख भूमिका है। कौन-से उत्पाद अधिक प्रचलित होंगे, यह उनकी उपलब्धता, कीमत, संस्कृति, खुदरा बिक्री व्यवस्था और सबसे महत्वपूर्ण, उपभोक्ताओं की पसंद पर निर्भर करता है। यदि नियमन केवल एक प्रकार के अपेक्षाकृत सुरक्षित निकोटीन उत्पाद को समर्थन देता है, तो वह लोगों के वास्तविक व्यवहार को ध्यान में नहीं रख पाएगा और इससे नुकसान कम करने की संभावनाएं सीमित हो सकती हैं।

जोखिम के बारे में सटीक जानकारी देना भी बहुत जरूरी है। उदाहरण के लिए, यदि वयस्कों को लगता है कि वेपिंग, धूम्रपान जितनी ही हानिकारक है, तो उनके पास सिगरेट छोड़कर वेपिंग अपनाने का प्रोत्साहन बहुत कम रह जाता है। जनस्वास्थ्य से जुड़े संदेशों में यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि अपेक्षाकृत सुरक्षित निकोटीन उत्पाद पूरी तरह जोखिम-मुक्त नहीं हैं, लेकिन सिगरेट पीते रहना उनसे काफी अधिक खतरनाक है। युवाओं की सुरक्षा और वयस्कों में तंबाकू से होने वाले नुकसान को कम करने के उद्देश्यों को एक-दूसरे के विरोध में नहीं देखा जाना चाहिए। सरकारें उम्र संबंधी प्रतिबंधों को सख्ती से लागू कर सकती हैं और युवाओं को आकर्षित करने वाले प्रचार पर रोक लगा सकती हैं। साथ ही, धूम्रपान करने वाले वयस्कों के लिए किफायती, स्वीकार्य और आसानी से उपलब्ध विकल्प भी बनाए रख सकती हैं। इसलिए, नए करों और उत्पादों पर लगाए जाने वाले प्रतिबंधों का आकलन केवल उनके इच्छित प्रभावों के आधार पर नहीं किया जाना चाहिए। यह भी देखना जरूरी है कि उनका धूम्रपान की दर, पूरी तरह सिगरेट छोड़ने, SNP से दोबारा धूम्रपान शुरू करने, स्वास्थ्य संबंधी असमानताओं और अवैध बाजार के विस्तार पर क्या प्रभाव पड़ता है।

अंततः, सफलता का आकलन केवल अपेक्षाकृत सुरक्षित निकोटीन उत्पादों को अपनाने वाले लोगों की संख्या से नहीं होना चाहिए। यह भी देखना चाहिए कि सिगरेट का धूम्रपान कितनी तेजी से और कितने समान रूप से घट रहा है, कितने लोग पूरी तरह सिगरेट छोड़कर दूसरे विकल्प अपना रहे हैं और क्या यह बदलाव लंबे समय तक बना रहता है। ऐसा नीतिगत माहौल आवश्यक है, जिसमें अपेक्षाकृत सुरक्षित विकल्प चुनना कठिन बनाने के बजाय आसान हो, ताकि तंबाकू से होने वाले नुकसान को कम करने की पूरी संभावना का लाभ उठाया जा सके।

> **यदि नियिमन केवल एक प्रकार के अपेक्षाकृत सुरक्षति नकिोटीन उत्पाद को समर्थन देता है, तो वह लोगों के वास्तवकि व्यवहार को ध्यान में नहीं रख पाएगा और इससे नुकसान कम करने की संभावनाएं सीमति हो सकती हैं।**

> **ऐसा नीतगित माहौल आवश्यक है, जसिमें अपेक्षाकृत सुरक्षति वकिल्प चुनना कठनि बनाने के बजाय आसान हो, ताकि तिंबाकू से होने वाले नुकसान को कम करने की पूरी संभावना का लाभ उठाया जा सके।**

# संदर्भ


1 *How snus is replacing smoking in Norway: A revolution led by consumers and product innovation* (Briefing Papers). (2025). Global State of Tobacco Harm Reduction (GSTHR). https://gsthr.org/resources/briefing-papers/how-snus-is-replacing-smoking-in-norway-a-revolution-led-by-consumers-and-product-innovation/how-snus-is-replacing-smoking-in-norway-a-revolution-led-by-consumers-and-product-innovation/.
2 Porritt, O. (2025b). *From cigarettes to snuff to nicotine pouches: The unusual Icelandic model for tobacco harm reduction* (GSTHR Briefing Papers). Global State of Tobacco Harm Reduction. https://gsthr.org/resources/briefing-papers/from-cigarettes-to-snuff-to-nicotine-pouches-the-unusual-icelandic-model-for-tobacco-harm-reduction/.
3 GSTHR. (2024a). *A smokefree UK? How research, policy and vapes have cut smoking rates* (Briefing Papers). Global State of Tobacco Harm Reduction (GSTHR). https://gsthr.org/resources/briefing-papers/a-smokefree-uk-how-research-policy-and-vapes-have-cut-smoking-rates/a-smokefree-uk-how-research-policy-and-vapes-have-cut-smoking-rates/.
4 GSTHR. (2024b). *Pro-consumer laws and an endorsement for vaping: Why smoking is disappearing in Aotearoa New Zealand* (Briefing Papers). Global State of Tobacco Harm Reduction (GSTHR). https://gsthr.org/resources/briefing-papers/pro-consumer-laws-and-an-endorsement-for-vaping-why-smoking-is-disappearing-in-aotearoa-new-zealand/pro-consumer-laws-and-an-endorsement-for-vaping-why-smoking-is-disappearing-in-aotearoa-new-zealand/.
5 Porritt, O. (2025a). *Why is tobacco harm reduction needed and what is the evidence it works?* (GSTHR Briefing Papers). Global State of Tobacco Harm Reduction (GSTHR). https://gsthr.org/resources/briefing-papers/why-is-tobacco-harm-reduction-needed-and-what-is-the-evidence-it-works/.
6 Shapiro, H., & Mzhavanadze, G. (2026). *The Global State of Tobacco Harm Reduction 2026: A Situation Report* (No. 5; GSTHR Major Reports). Global State of Tobacco Harm Reduction (GSTHR). https://gsthr.org/resources/thr-reports/the-global-state-of-tobacco-harm-reduction-2026-a-situation-report/.
7 Shapiro & Mzhavanadze, 2026.
8 Park, J. E., Jeong, W. M., Choi, Y. J., Kim, S. Y., Yeob, K. E., & Park, J. H. (2024). Tobacco Use in Korea: Current Epidemiology and Public Health Issues. *Journal of Korean Medical Science*, *39*(45), e328. https://doi.org/10.3346/jkms.2024.39.e328.
9 Park, Jeong, Choi, Kim, Yeob, & Park, 2024.
10 Lee, B., Kwon, M., Park, A.-H., & Kim, H. (2026). Tobacco use trends in South Korea, 2013–2023: Persistent disparities and emerging challenges in a repeated cross-sectional study. *Tobacco Induced Diseases*, *24*(February), 1–11. https://doi.org/10.18332/tid/215655.
11 Kim, S. H., & Cho, H.-J. (2020). Prevalence and correlates of current use of heated tobacco products among a nationally representative sample of Korean adults: Results from a cross-sectional study. *Tobacco Induced Diseases*, *18*(August). https://doi.org/10.18332/tid/125232.
12 Lee, Kwon, Park, & Kim, 2026.
13 Seo, H. G., Xu, S. S., Li, G., Gravely, S., Quah, A. C. K., Lee, S., Lim, S., Cho, S., Kim, Y., Lee, E. S., Choi, Y.-J., Miller, C. R., Goniewicz, M. L., O'Connor, R. J., & Fong, G. T. (2023). Reasons for Initiation and Regular Use of Heated Tobacco Products among Current and Former Smokers in South Korea: Findings from the 2020 ITC Korea Survey. *International Journal of Environmental Research and Public Health*, *20*(6), 4963. https://doi.org/10.3390/ijerph20064963.
14 WHO. (2026). *Tobacco MPOWER Raise taxes: Tobacco and nicotine products national taxes*. The Global Health Observatory. https://www.who.int/data/gho/data/indicators/indicator-details/GHO/tobacco-raise-taxes--national-taxes-for-and-nicotine-products.
15 Healthy Ireland; Department of Health. (2026a). *Healthy Ireland Survey. Publications. Healthy Ireland Surveys 2015-2025*. Gov.Ie; Government of Ireland. https://www.gov.ie/en/healthy-ireland/publications/healthy-ireland-survey-2025/.
16 Healthy Ireland; Department of Health. (2026b, जुलाई 20). *Healthy Ireland Policies*. Gov.Ie; Government of Ireland. https://www.gov.ie/en/healthy-ireland/policy-information/healthy-ireland-policies/.
17 Healthy Ireland; Department of Health, 2026a.
18 *Healthy Ireland; Department of Health, 2026b.*
19 Brennan, M. M., Bowe, A. K., Sheridan, A., Doyle, F., Boland, F., & Kavanagh, P. (2025). Evolution of nicotine product use in Ireland 2015–2023, and associations with quit intentions and attempts: An analysis of nationally representative repeated cross-sectional surveys. *The Lancet Regional Health – Europe*, *55*. https://doi.org/10.1016/j.lanepe.2025.101352.
20 Healthy Ireland; Department of Health, 2026a.
21 *Revenue publishes guidance on new "Vape Tax."* (2025, सितम्बर 30). Revenue. Cáin Agus Custaim Na hÉireann. Trish Tax and Customs. https://www.revenue.ie/en/corporate/press-office/press-releases/2025/pr-093025-vape-tax.aspx.
22 Shapiro & Mzhavanadze, 2026.
23 Department of Health. (2026, मार्च 4). *Ministers announce Government approval of proposals for further regulation of nicotine products*. Gov.Ie; Government of Ireland. https://www.gov.ie/en/department-of-health/press-releases/ministers-announce-government-approval-of-proposals-for-further-regulation-of-nicotine-products/.
24 European Union Drugs Agency. (2025). *Key findings from the 2024 European school survey project on alcohol and other drugs (ESPAD)*. Publications Office. https://data.europa.eu/doi/10.2810/5746644.
25 Reile, R., Põlajev, A., & Saavaste, J. (2025). *Eesti täiskasvanud rahvastiku tervisekäitumise uuring 2024: Metoodika ja standardtabelite kogumik [Health behaviour among the Estonian adult population 2024: Methodology and standard tables]* (No. 978-9949-666-68–3). Tervise Arengu Instituut. https://tai.ee/sites/default/files/2025-04/tku2024_kogumik_29apr2025_final.pdf.
26 *E-cigarette vaping in Estonia*. (2026). Global State of Tobacco Harm Reduction. https://gsthr.org/countries/profile/est/e_cigarettes/.
27 Justiits- ja Digiministeerium. (2026, जुलाई 17). *Tubakaseaduse ja riigilõivuseaduse muutmise seaduse eelnõu esitamine kooskõlastamiseks ja arvamuse avaldamiseks Draft Act amending the Tobacco Act and the State Fees Act, File No. 26-0826* [8-1/5425-1]. Eelnõude infosüsteem (EIS); Justiits- ja Digiministeerium. https://eelnoud.valitsus.ee/main/mount/docList/c5556638-5d38-467f-bd6d-e3c16ad59fda#c8z7oFXU.

[28] Friedman, A. S., Pesko, M. F., & Whitacre, T. R. (2024). Flavored E-Cigarette Sales Restrictions and Young Adult Tobacco Use. *JAMA Health Forum*, *5*(12), e244594. https://doi.org/10.1001/jamahealthforum.2024.4594.

[29] Saffer, H., Ozdogan, S., Grossman, M., Dench, D., & Dave, D. (2025). Comprehensive E-Cigarette Flavor Bans and Tobacco Use Among Youth and Adults. *Health Economics*, *34*(12), 2238–2254. https://doi.org/10.1002/hec.70030.

चित्र: depositphotos.com

GSTHR.ORG

GSTHR. (2026). *The next wave of tobacco harm reduction? Emerging transitions from smoking to safer nicotine products in South Korea, Ireland and Estonia* (GSTHR Briefing Papers). Global State of Tobacco Harm Reduction.
https://gsthr.org/resources/briefing-papers/emerging-transitions-from-smoking-to-safer-nicotine-products/

ग्लोबल स्टेट ऑफ टोबैको हार्म रिडक्शन के काम के बारे में अधिक जानकारी के लिए, या इस जीएसटीएचआर ब्रीफिंग पेपर में उठाए गए बिंदुओं के लिए, कृपया info@gsthr.org पर संपर्क करें।

हमारे बारे में: **Knowledge•Action•Change** **(K•A•C)** नुकसान में कमी को मानवाधिकारों पर आधारित एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य रणनीति के रूप में बढ़ावा देती है। टीम के पास नशीली दवाओं के उपयोग, एचआईवी, धूम्रपान, यौन स्वास्थ्य और जेलों में नुकसान कम करने के काम का चालीस वर्षों से अधिक का अनुभव है। K•A•C **Global State of Tobacco Harm Reduction** (GSTHR) चलाती है जो दुनिया भर के 200 से अधिक देशों और क्षेत्रों में तंबाकू से नुकसान में कमी के विकास और सुरक्षित निकोटीन उत्पादों के उपयोग, उपलब्धता और नियामक प्रतिक्रियाओं के साथ-साथ धूम्रपान के प्रचलन और संबंधित मृत्यु दर को दर्शाता है। सभी प्रकाशनों और लाइव डेटा के लिए, https://gsthr.org पर जाएं

हमारी फंडिंग: GSTHR परियोजना को **Global Action to End Smoking, Inc.** से मिले अनुदान की सहायता से संचालित किया जाता है। यह अमेरिका का एक गैर-लाभकारी 501(c)(3) निजी फाउंडेशन है, जो दुनिया भर में वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित प्रयासों को गति देकर धूम्रपान की महामारी को समाप्त करने की दिशा में काम करता है। इस Briefing Paper की रूपरेखा तैयार करने, इसे लागू करने, आंकड़ों का विश्लेषण करने या उनकी व्याख्या करने में Global Action की कोई भूमिका नहीं थी। इस रिपोर्ट में शामिल तथ्यों, उनके चयन और प्रस्तुति के साथ-साथ व्यक्त किए गए सभी विचारों की पूरी जिम्मेदारी लेखकों की है। किसी भी परिस्थिति में इन्हें Global Action के विचारों या आधिकारिक रुख के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।